वी.यू. – वेटरनरी कॉलेज की द्वितीय एल्यूमिनाई मीट – मेरा महाविद्यालय मेरा गौरव का सफल आयोजन

जबलपुर। आज दिनांक 3 सितंबर 2022 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के कुशल नेतृत्व एवं अध्यक्षता में प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम के तारतम्य में एक दिवसीय द्वितीय एलुमिनाई मीट का आयोजन वेटरनरी कॉलेज, जबलपुर सभागार में किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भूतपूर्व छात्र, भूतपूर्व मंत्री, वर्तमान विधायक डॉ. अजय विश्नोई, विशिष्ट अतिथि वी.सी.आई. अध्यक्ष डॉक्टर यू.सी. शर्मा, डॉ. आर.के. जायसवाल, आई.बी. ग्रुप छ.ग. भूतपूर्व छात्र तथा प्रबंधन मंडल के सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह एवं डॉ. सुधीर यादव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों के स्वागत तथा शॉल श्रीफल से सम्मान से किया गया। देशभर से पधारे वि.वि. के जबलपुर तथा महू वेटरनरी कॉलेज के 43 एलुमिनाई, जिनमें से राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर के प्रशासनिक अधिकारी – कमिश्नर, एडिशनल एस.पी., ए.डी. झारखंड, सीमा सुरक्षा बल, मिलिट्री सर्विस, एन.जी.ओ., आदि में उच्च पदों पर आसीन सभी एलुमिनाई एकत्रित हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वेटनरी में अध्ययनरत छात्रों को भूतपूर्व छात्र से इंटरेक्ट कराना तथा साथ ही वी.सी.आई. का महत्वपूर्ण उद्देश्य मेरा महाविद्यालय मेरा गौरव जिसमें की किस तरह भूतपूर्व छात्र अपने महाविद्यालय के उत्थान हेतु अपना सहयोग करें, जिससे प्रदेश, देश व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर

सकें। कार्यक्रम में डॉ. आर.के. शर्मा – अधिष्ठाता, वेटरनरी कॉलेज में कार्यक्रम के होने के उद्देश्य को बताया साथ ही बेंगलुरु से पधारे इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. जितेंद्र वर्मा ने सभी भूतपूर्व छात्र–छात्राओं का स्वागत किया। डॉक्टर दिनेश बिसेन एडिशनल कमिश्नर जी.एस.टी., डॉ अश्विनी कमांडेंट, डॉ. प्रदीप नाथ चौधरी डिफरेंस तथा एनजीओ से डॉक्टर हरीकृष्ण डेका ने अपने अपने अनुभव छात्र–छात्राओं से साझा किए तथा किस तरह वेटरनरी की तालीम हासिल करते हुए वह आज उच्च प्रशासनिक पदों पर हैं तथा किस तरह उन्होंने इस लक्ष्य को पाया व किन चुनौतियो से गुजरे के अनुभव छात्र–छात्राओं से बांटे साथ ही उन्हें प्रेरित किया कि वेटनरी डॉक्टर्स के लिए नान वेट सेक्टर में नौकरी की तथा स्वरोजगार की प्रदेश एवं देश में अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि डॉ. अजय विश्नोई ने इस तरह के आयोजन को अद्‌भुत कार्यक्रम बताया की सभी वेटरनरी डॉक्टर आज वेटरनरी की तालीम हासिल कर उच्च पदों पर आसीन हैं इससे वर्तमान अध्ययनरत छात्रों को प्रेरणा लेने हेतु प्रोत्साहित किया। वी.सी.सी.आई. अध्यक्ष तथा

भूतपूर्व छात्र डॉक्टर यू.सी.शर्मा ने भाषण में कहा कि ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जहां पर वेटरनरी डॉक्टर पदस्थ ना हो। हर क्षेत्र में वेटनेरियन अपनी सेवा दे रहे है। विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष माननीय सीता प्रसाद तिवारी जी ने अपने उद्‌बोधन भाषण में कहा की राष्ट्र ऋषि नानाजी के सपने को साकार करने में विश्वविद्यालय निरंतर कार्यरत है, वह महाविद्यालय के उत्थान में भूतपूर्व छात्र एलुमनाई का बहुत योगदान होता है। कार्यक्रम को करने का मुख्य उद्देश्य वेटरनरी कॉलेज में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को भूतपूर्व छात्र–छात्राओं से मिलवाना उन्हें एक प्रेरणा स्वरूप मानकर वेटरनरी क्षेत्र में बढ़–चढ़कर काम करना जिससे वह स्वयं का विकास, प्रदेश का विकास तथा देश का विकास कर सकें और महाविद्यालय विश्वविद्यालय का नाम गर्व से ऊंचा कर सकें तथा वेटरनरी प्रोफेशन को आगे बढ़ा सके। छत्तीसगढ़ से पधारे उद्यमी डॉक्टर आर.के. जयसवाल ने छात्र–छात्राओं को स्वरोजगार हेतु तथा वेटरनरी क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में संपूर्ण भारत से पधारे एलुमनाई का समन्वयक, डॉ. जीतेंद्र वर्मा ने मंचासीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र दे सम्मान कराया। यह उल्लेखनीय है की द्वितीय एलुमनाई मीट में संपूर्ण भारत देश से बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं एकत्रित हुए तथा इस कार्यक्रम

को एक यादगार कार्यक्रम बनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिष्ठाता डॉ. आर.के शर्मा, डी. आर.एस., डॉ. मधु स्वामी, डी.ई. डॉ. सुनील नायक, डॉ. राखी वैश्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त पदाधिकारीगण, वेटरनरी कॉलेज के प्राध्यापकगण तथा छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। जिज्ञासु छात्र–छात्राओं ने अपने प्रश्न भी भूतपूर्व छात्रों के मध्य रखें जिससे कि वह अपने मन की शंकाएं दूर कर सकें तथा नॉनवेटनरी क्षेत्र में उनके लिए जो संभावनाएं हैं उनको हासिल कर सकें। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. निधि सिंह राजपूत तथा आभार प्रदर्शन डॉ. शिरीष निगम द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर